VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session 2025-26)

Date: _____ **Class: 3** **Div: A/C** **Roll No: _____** **Sub: 2L HINDI**

Name: _____ **Worksheet: Yearly Exam 7**

पत्रलेखन

i.अपने जन्मदिन पर बुलाने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखिए |

12 नवरंग अपार्टमेंट
कृष्णापुरम
कानपूर- 208007
तारीख- 12-02-2026
प्रिय मुकुल,
तुम कैसे हो ? मैं ठीक हूँ और ईश्वर से कामना करता हूँ कि तुम भी ठीक ही होंगे |

मैं तुम्हें यह बताना चाहता हूँ कि आनेवाली तारीख- 20-02-2026 को मेरा जन्मदिन आने वाला है |

इस वर्ष मेरे परिवार के सभी लोग मेरा जन्मदिन धूमधाम से मना रहे हैं | मैं चाहता हूँ कि तुम भी मेरे जन्मदिन पर आओ | हम सब मिलकर बहुत मज़े करेंगे |

मैं तुम्हारा इंतजार करूँगा |

चाचा-चाची जी को मेरा नमस्ते कहना |

तुम्हारा मित्र

अमन

---

ii.अपने चाचा जी को उपहार भेजने के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए |

7 विजयनगर

पानीपत-132103 (हरियाणा)

तारीख- 15-02-2025

पूज्य चाचाजी,

प्रणाम !

आप कैसे हैं ? मैं ठीक हूँ और ईश्वर से कामना करता हूँ कि आप भी ठीक होंगे | कल मैं जब विद्यालय से घर आया तो माँ ने बताया कि आपने मेरे लिए उपहार भेजा है | जब मैंने उपहार खोला तो मैंने देखा कि आपने मेरी मनपसंद चीज़ क्रिकेट का किट भेजा हैं | मैं देखकर बहुत खुश हुआ | मुझे आपका उपहार बहुत पसंद आया | उपहार के लिए बहुत - बहुत धन्यवाद |

आपको और चाची जी को मेरा प्रणाम |

आपका प्यारा-

मुकुल